smc
moneywise. be wise.

# दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (मेटल एवं एनर्जी) 26 मार्च 2024

## अतंराष्ट्रीय बाजार

### COMEX/NYMEX/ICE (कीमती धातुएं एवं एनर्जी)

| कमोडिटी | कॉन्ट्रैक्ट | एक्सपायरी | बंद भाव |
|---|---|---|---|
| चांदी | मई | 29-05-24 | 24.89 |
| सोना | अप्रैल | 26-04-24 | 2176.40 |
| कच्चा तेल | मई | 22-04-24 | 81.95 |
| ब्रेंट कच्चा तेल | मई | 28-03-24 | 86.75 |
| नेचुरल गैस | अप्रैल | 26-03-24 | 1.62 |

### करेंसी / कमोडिटी इंडेक्स

| करेंसी | वर्तमान भाव |
|---|---|
| अमेरिकी डॉलर/भारतीय रूपया' | 83.41 |
| डॉलर इंडेक्स | 104.47 |
| यूरो/अमेरिकी डॉलर | 1.08 |
| सीआरबी इंडेक्स | 330.50 |

### LME (बेस मेटल्स) (डॉलर/टन)

| कमोडिटी | | बंद भाव |
|---|---|---|
| तांबा | नकद | 8873.00 |
| एल्युमिनियम | नकद | 2326.00 |
| जिंक | नकद | 2495.50 |
| लेड | नकद | 2034.50 |
| निकल | नकद | 16937.00 |

### SHFE (बेस मेटल्स) (युवॉन/टन)

| कमोडिटी | माह | बंद भाव |
|---|---|---|
| तांबा | 15 अप्रैल 24 | 72310.00 |
| एल्युमिनियम | 15 अप्रैल 24 | 19455.00 |
| जिंक | 15 अप्रैल 24 | 21175.00 |
| लेड | 15 अप्रैल 24 | 16230.00 |

## घरेलू बाजार

### MCX

| कमोडिटी | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बुलडेक्स | 26-03-24 | 16838.00 | तेजी | 04.03.24 | 16461.00 | 16650.00 |
| चांदी | 03-05-24 | 74923.00 | तेजी | 04.03.24 | 73467.00 | 74000.00 |
| सोना | 05-04-24 | 66022.00 | तेजी | 04.03.24 | 64462.00 | 65000.00 |
| कच्चा तेल | 19-04-24 | 6824.00 | तेजी | 19.01.24 | 6152.00 | 6550.00 |
| नेचुरल गैस | 25-04-24 | 135.30 | मंदी | 15.03.24 | 138.30 | 147.00 |

| कमोडिटी | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तांबा | 28-03-24 | 756.80 | तेजी | 11.03.24 | 736.70 | 755.00 |
| एल्युमिनियम | 28-03-24 | 211.10 | तेजी | 11.03.24 | 203.20 | 201.00 |
| जिंक | 28-03-24 | 218.65 | तेजी | 06.03.24 | 218.60 | 215.00 |
| लेड | 28-03-24 | 176.00 | साइडवेज | 05.12.23 | 182.85 | - |
| मेटलडेक्स | 19-04-24 | 15486.00 | तेजी | 15.03.24 | 15565.00 | 15300.00 |
| स्टील लांग | 19-04-24 | 41640.00 | मंदी | 21.03.24 | 41640.00 | 42500.00 |

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

**25.03.2024 को सभी बंद भाव**

## सर्राफा आउटलुक

सोने की कीमतों को 65800 पर सपोर्ट और 66300 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। चांदी की कीमतों को 75300 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 74500 रू पर सपोर्ट रह सकता है । कीमतों में तेजी का रूझान रह सकता है । कमजोर डॉलर के कारण आज सोने की कीमतों में बढ़ोतरी हुई, क्योंकि निवेशकों का ध्यान इस सप्ताह के अंत में आने वाले अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर केंद्रित है, जो इस साल फेडरल रिजर्व की पहली ब्याज दर में कटौती के समय को लेकर अधिक संकेत दे सकता है। शिकागो फेड बैंक के अध्यक्ष ऑस्टन गूल्स्बी ने सोमवार को कहा कि पिछले सप्ताह फेड की नीति बैठक में उन्होंने इस वर्ष में तीन बार दर कटौती पर विचार किया। इस बीच, फेड गवर्नर लिसा कुक ने आगाह किया कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक को सावधानी से आगे बढ़ने की जरूरत है कि ब्याज दरों में कटौती कब शुरू करनी है। सीएमई समूह के फेडवॉच टूल के अनुसार, व्यापारी 70% संभावना जता रहे हैं कि फेड जून में दरों में कटौती शुरू करेगा। फेड नीति निर्माताओं द्वारा हाल ही में उच्च मुद्रास्फीति के बावजूद 2024 के अंत तक ब्याज में तीन-चौथाई प्रतिशत की कटौती की उम्मीद के बाद पिछले हफ्ते सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई।

## बेस मेटल आउटलुक

बेस मेटल की कीमतें नरमी के रूझान के साथ साइडवेज कारोबार कर सकती है । तांबे की कीमतें 755-765 के दायरे में कारोबार कर सकती है। अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने के बावजूद आज बेस मेटल की कीमतें आज नरमी के साथ कारोबार कर रही हैं। निवेशक चीन के संकटग्रस्त और कर्ज से दबे संपत्ति क्षेत्र को लेकर चिंतित हैं, जो आमतौर पर औद्योगिक धातुओं का प्रमुख उपभोक्ता है। चीन का रियल एस्टेट चिंता का विषय बना हुआ है क्योंकि संपत्ति निवेश में 9% की गिरावट हुई है-हालांकि दिसंबर से धीमी गिरावट हुई है। फरवरी में चीन के औद्योगिक उत्पादन में अप्रत्याशित तेजी के बावजूद चीनी अर्थव्यवस्था की मजबूती को लेकर चिंता बनी हुई है। जिंक में मिला-जुला रूझान रह सकता है और कीमतों को 218 पर सपोर्ट और 223 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। लेड की कीमतें 176-179 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है। एल्युमीनियम की कीमतें 207-211 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है। सूखा प्रभावित युन्नान प्रांत में एल्युमीनियम स्मेल्टरों की गति 500,000 मीट्रिक टन वार्षिक उत्पादन को बहाल कर रही है, क्योंकि शुष्क मौसम जलविद्युत आपूर्ति को प्रतिबंधित कर रहा है।

## एनर्जी आउटलुक

कच्चे तेल की कीमतें तेजी के रूझान के साथ कारोबार कर सकती है और कीमतों के 6770-6900 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। रूसी उत्पादन में कटौती और रूसी रिफाइनरियों पर हमलों के कारण आपूर्ति में कमी की आशंका के कारण आज तेल की कीमतें एक डॉलर से अधिक की बढ़त दर्ज करने के बाद लगातार दूसरे दिन बढ़त की राह पर है। रूस ने अपनी तेल कंपनियों को पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन के 9 मिलियन बैरल प्रति दिन के लक्ष्य को पूरा करने के लिए उत्पादन कम करने के लिए कहा। फरवरी के अंत में, रूस प्रति दिन लगभग 9.5 मिलियन बैरल का उत्पादन कर रहा है। वहीं, रूसी तेल रिफाइनरियों पर यूक्रेन के हमले जारी हैं। रूस की कुइबिशेव रिफाइनरी को शनिवार सुबह आग लगने के बाद अपनी आधी क्षमता बंद करनी पड़ी। आपूर्ति में अधिक सख्ती के संकेत में, मैक्वेरी ने अनुमान लगाया कि अगले सप्ताह अमेरिकी रिफाइनरी के उपयोग में 300,000 बैरल/दिन की वृद्धि होगी, जबकि घरेलू आपूर्ति में 500,000 बैरल/दिन की कमी होगी। नेचुरल गैस की कीमतें 145-155 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं।

## प्रमुख आर्थिक आंकड़ें

| भारतीय समयानुसार | आर्थिक आंकड़ें | महत्व | संभावित | पिछला | प्रभावित कमोडिटी | प्रभाव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18:00 | अमेरिकी ड्यूरेबल गुड्स ऑर्डर्स (माह-दर-माह)(फरवरी) | अधिक | 1.2% | -6.1% | मेटल एवं एनर्जी | प्रतिकूल |
| 18:00 | अमेरिकी कोर ड्यूरेबल गुड्स ऑर्डर्स (माह-दर-माह)(फरवरी) | अधिक | 0.4% | -0.3% | मेटल एवं एनर्जी | प्रतिकूल |
| 19:30 | अमेरिकी सीबी कंज्यूमर कंफिडेंस (मार्च) | अधिक | 106.9 | 106.7 | मेटल एवं एनर्जी | प्रतिकूल |

**आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com**

smc
moneywise. be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्त्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।